# पानी में डूबने से युवक की मौत



**किला मोहल्ला निवासी 18 वर्षीय किशोर अर्पित पुत्र श्री मातादीन जाटव की पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई है**

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 20 अगस्त।** जानकारी के अनुसार अर्पित अपने दोस्तों के साथ बाईपास रोड स्थित मैंदावली फिल्टर प्लांट के पास नहा रहा था। इस दौरान अचानक वह गहरे पानी में चला गया और बाहर नहीं निकल पाया। दोस्तों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। स्थानीय लोगों की मदद से अर्पित को पानी से निकालकर स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार सहित पूरे मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# वैष्णव समाज ने सौंपा ज्ञापन, मनीषा को मिले इंसाफ, दोषियों को मिले फांसी



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 अगस्त।** हरियाणा के भिवानी जिले में मनीषा वैष्णव हत्याकांड को लेकर वैष्णव विकास समिति ने बुधवार को कलेक्ट्रेटर पहुंचकर भिवानी पुलिस व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रदर्शन करते हुए मनीषा के हत्यारों के फांसी दिए जाने की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति, गृह मंत्री अमित शाह व हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को ज्ञापन सौंपा।

वैष्णव विकास समिति महिला मंडल की अध्यक्ष रामा वैष्णव के नेतृत्वा में सौपे गए ज्ञापन में उल्लेखित है कि, 11 अगस्त को भिवानी की 19 वर्षीय मनीषा वैष्णव नर्सिंग कॉलेज में एडमिशन लेने घर से निकली थी। पर दोबारा घर नहीं लौटी। पुलिस ने पुलिस उसे ढूंढने के बजाए लड़की किसी के साथ भाग जाने की बात कही। इसके बाद मनीषा का शव सिंघानी गांव के खेत में मिला। दंरिदों ने उसके चेहरे को तेजाब से जला दिया, उसका गला काट दिया। इस घटना से संपूर्ण वैष्णव समाज में रोष व्याप्त है। इसलिए वैष्णव समाज मांग करता है कि मनीषा के हत्यारों को फांसी दी जाए, जिससे उसको इंसाफ मिल सके। इस दौरान ज्ञापन देने वालें में रामभरोष शर्मा, दीपक वैष्णव, महेश वैष्णव, भवानीशंकर वैष्णव, डॉ. नरेश बैरागी, शिवचरण वैष्णव, परमेश्वर वैष्णव, सुरेश वैष्णव, योगेंद्र वैष्णव, रामभरत वैष्णव, लोकेंद्र वैष्णव जितेंद्र वैष्णव, गिर्राज वैष्णव, हरिशंकर वैष्णव तलावदा, विष्णु वैष्णव, महावीर वैष्ण्व, हरिओम, प्रदीप वैष्णव, मनीष वैष्णव, जितेंद्र वैष्णव, पवन वैष्णव सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

# सहायिका पद की अनंतिम सूची जारी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 अगस्त।** महिला बाल विकास परियोजना श्योपुर ग्रामीण-01,02 में रिक्त आंगनबाडी सहायिकाओं के पदो के संबंध में अनंतिम सूची जारी की गई है। परियोजना अधिकारी श्योपुर ग्रामीण-01,02 पवनजीत सिंह अरोरा ने बताया कि एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा की अध्यक्षता में खंड स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित हुई। चयन समिति द्वारा अनुमोदित अनंतिम सूची जारी की गई है।
अनंतिम सूची के अनुसार मोरीराम का डेरा में आंगनबाडी सहायिका के रूप में सुमन आदिवासी, मोरपाल का सहराना में छोटी आदिवासी, माली बस्ती सत्यनगर में मोसमी जाटव, उपकेन्द्र लाडपुरा एवं स्कूल का सहराना में भारती बैरवा, उपकेन्द्र काछ्या में पूजा माली, बजरी का सहराना में भारती गोयल, धोकडी में मनीषा बैरवा, आजपुरा मिनी में राजकुमारी, मटेपुरा मिनी में किरन महावर, हसनपुर हवेली में अनीता सुमन का चयन किया गया है। उक्त अनंतिम सूची पर किसी आवेदिका को अपनी आपत्ति दर्ज कराना चाहते है तो एमपी ऑनलाइन चयन पर के माध्यम से सात दिवस में ऑनलाइन आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है, निर्धारित तिथि के पश्चात् आपत्ति स्वीकार नही होगी।

# पंचायत उन्नति सूचकांक विमोचन कार्यशाला आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,20अगस्त।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर विकासखंड तहत ग्राम पंचायत के समग्र विकास सूचकांक में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार पंचायत उन्नति सूचकांक विमोचन कार्यशाला के दौरान दिये गये। निषादराज भवन जिला पंचायत परिसर में जनपद अध्यक्ष रीना आशीष मीणा की अध्यक्षता में आयोजित उक्त कार्यशाला में जिला कार्यक्रम प्रबंधक उदय सिंह धाकड, मनोहर चौहान पंचायत इंस्पेक्टर, समग्र अधिकारी सौरव राय, नरेन्द्र धाकड़, शिवकुमार धाकड़, ईटीसी ग्वालियर से प्रशिक्षक मनीष, समस्त पंचायत सरपंच, सचिव, जीआरएस, मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित थे। पंचायत उन्नति सूचकांक कार्यशाला में पंचायतों के समग्र विकास प्रदर्शन मापक के रूप में पंचायत उन्नति सूचकांक तहत विकासखंड स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायत फिलोजपुरा, मानपुर, अजापुरा, पानडी, बहरावदा, ननावद, पच्चीपुरा, ज्वालापुर, सोई कलां, लाडपुरा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही समग्र विकास अंतर्गत 10 पंचायतों बनवाड़ा, ढोटी, गोहेड़ा, रायपुरा, नारायणपुर, गुरुनावदा, जवासा, प्रेमसर, सेमल्दा, बर्धा बुजुर्ग को सांत्वना पुरस्कार के रूप में भी प्रशस्ती पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मॉं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

# तेज धूप, उमस भरी गर्मी से लोग हो रहे परेशान

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 अगस्त।** श्योपुर में पिछले तीन दिनों में तापमान में तीन डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार 17 अगस्त को जहां अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस था, वह बुधवार को बढ़कर 34 डिग्री सेल्सियस हो गया। न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।
दिनभर की चुभती धूप और रात में उमस भरी गर्मी से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। सुबह से ही उमस का असर शुरू हो जाता है। दोपहर तक लोग घर से बाहर निकलने से बचने लगते हैं। बिजली की कटौती ने परेशानी और बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार बरसात थमने से धूप और नमी वाली हवाएं मौसम को असहनीय बना रही हैं। 15 अगस्त को हुई हल्की बारिश से मौसम सुहावना हुआ था। उसके बाद से बारिश नहीं हुई है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई है। बारिश की कमी से किसान भी चिंतित हैं क्योंकि इससे फसलों पर असर पड़ सकता है। अगस्त के मध्य में जब लोग अच्छी बारिश की उम्मीद कर रहे थे, तब मौसम का मिजाज गर्म और उमसभरा हो गया है।

## लोक अदालत को लेकर जागरूक करने बाइक रैली रवाना



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,20अगस्त।** प्रभारी प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर लीलाधर सोलंकी के मार्गदर्शन में 13 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के विस्तृत रूप से प्रचार-प्रसार एवं विधिक सेवा जागरूकता के लिए बुधवार को जिला न्यायालय परिसर से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायाधीश-सचिव वर्षा सूर्यवंशी मजूमदार द्वारा बाईक रैली को हरी झंडी दिखाई गई। बाईक रैली न्यायालय परिसर श्योपुर से प्रारंभ होकर गुलम्बर नगर पालिका से होती हुई यातायात पुलिस थाने पर समाप्त हुई। बाईक रैली में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर के कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेंटियर्स, जनसाहस सेवा संस्था, ग्रामीण स्वालंबन समिति, पैनल अधिवक्ता (न्याय रक्षक) व लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स के लायर्स द्वारा सहभागिता की गई। उक्त बाईक रैली के दौरान योगेश बंसल, जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर उपस्थित रहें।

## पुरानी रंजिश पर महिला को पीटा

**श्योपुर।** देहात थाना क्षेत्र के बिजरपुर गांव में पुरानी रंजिश के चलते झगड़ा हो गया, जिसमें तीन लोगों ने मिलकर महिला की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिजरपुर निवासी मनोहर बैरवा व बंटी बैरवा के बीच किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसके चलते 19 अगस्त की शाम 7 बजे हनुमान मंदिर के पास दोनों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि आरोपी बंटी बैरवा, धर्मराज बैरवा, विद्या बाई बैरवा ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए मनोहर बैरवा की पत्नी सीमा बाई की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को 10 साल की सजा

**श्योपुर।** जिला न्यायालय ने नाबालिग के साथ छोड़कर आत्महत्या के लिए उकसाने के दो साल पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को दस साल की सजा सुनाई है, साथ ही 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। मामले में शासन की और से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रिचा शर्मा द्वारा की गई।
मामले के अनुसार 26 जुलाई 2023 को पीडिता अपनी बहन के साथ खेत पर काम कर रही थी, तभी वहां पर आरोपी सुनील कीटनाशक दवाई लेकर आया और बोला कि मेरे साथ चल नहीं तो कीटनाशक दवाई पी ले, जैसी ही उसकी छोटी बहन माता- पिता को बुलाने घर गई और वापस खेत पर आई तो पीडिता खेत पर बेहोशी की हालत में पडी मिली। उसके पास कीटनाशक दवाई का डिब्बा पडा हुआ था, परिजन पीडिता को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल ले गए जहां से डाक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए ग्वालियर रैफर दिया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सुनील बैरवा पीडिता को स्कूल आते-जाते प्रताड़ित करता था जिसकी वजह से उसने परेशान होकर खेत पर कीटनाशक दवाई खा ली और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया जहां मामले में करीब 2 साल तक चली सुनवाई के बाद न्यायालय तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश बबीता होरा शर्मा की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आरोपी सुनील पुत्र पहलवान बैरवा निवासी ग्राम सरोदा को 10 साल की सजा सुनाई है, साथ ही 20 हजार का जुर्माना लगाया है।

# पंतजली योग पीठ हरिद्वार से आऐंगे स्वामी पर्मार्थदेव

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,20अगस्त।** पंतजलि योग समिति द्वारा 25 अगस्त को शहर के श्रीराम तलाई हनुमान मंदिर पर एक दिवसीय नि:शुक्ल इंटीग्रेटेड योग शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में पंतजलि योग पीठ हरिद्वार से स्वामी रामदेव के शिष्य पतंजलि योग समिती के राष्ट्रीय प्रभारी एव पंतजलि यूनिवसिर्टी के कुलाधिपती स्वामी पर्मार्थदेव आएंगे। पंतजलि योग समिती के जिलाध्यक्ष गिर्राज गौतम ने जानकारी देते हुए बतया कि, शिविर को लेकर तैयारियां शुरू हो गई।
शिविर में मुख्य केंद्रीय प्रभारी व राज्य प्रभारी कृष्ण योगेन्द्र रघुवंशी व राजेंद्र आर्य, बहन सुधा त्रिवेंदी, वीरेंद्र 24 अगस्त की शाम श्योपुर पहुंचगें जो यहां नवीन कार्यकारणी के साथ बैठक करेंगे। 25 अगस्त को सुबह 5:30 से रामतलाई हनुमान मंदिर पर भव्य इन्टरीगरेटेड योग शिविर का आयोजन होगा। जहां योग साधको व गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

# छेड़छाड़ के आरोपी को कारावास

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,20अगस्त।** जिला न्यायालय ने छेड़छाड़ के मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को एक साल की सजा सुनाई है साथ ही 500 रुपये का जुर्माना लगाया है। मामले में शासन की और से पैरवी एडीपीओ हरिओम शर्मा द्वारा की गई। पीड़िता 07 अक्टूबर 2020 को अपने खेत पर बने घर पर थी। तभी मेवाड़ा निवासी ईश्वर मीण आया तो वह भी बाहर आ गई और आरोपी ने उसके साथ छेडछाड कर दी। जब पीडिता ने अपने पिता को आवाज लगाई तो फरियादिया के पिता ने आरोपी को पकड लिया और वह डर के मारे वह खेत में छुप गई थी। फरियादिया ने इसकी शिकायत मानपुर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया जहां मामले में करीब पांच साल तक चली सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देत हुए एक साल की सजा सुनाई है, साथ ही 500 रुपये का जुर्माना लगाया है।

# आबकारी टीम ने पकड़ी 24 लीटर कच्ची शराब



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 अगस्त।** श्योपुर कलेक्टर अर्पित वर्मा एवं ग्वालियर संभाग आबकारी उपायुक्त संदीप शर्मा जी के निर्देशों के तारतम्य में जिला आबकारी अधिकारी श्योपुर कमल सिंह सिकरबार के मार्गदर्शन में जिले में बुधवार को वृत्त श्योपुर के रतोधन और हालगावड़ा में दविश देकर आबकारी टीम ने तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए हैं, साथ ही इनके कब्जे से 24 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई और 250 किलो लाहन मौके पर नष्ट कराई गई। जप्त शुदा सामग्री की कुल कीमत लगभग 29400 रुपये पाई गई। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी लोकेंद्र तिवारी, आबकारी उपनिरीक्षक संजीव कुमार धुर्वे, आरक्षक राजेंद्र शर्मा, विकास श्रीवास्तव, कोकसिंह रावत का सराहनीय योगदान रहा।

# विजयपुर जनपद पंचायत में बड़ा भ्रष्टाचार उजागर

**मणि शंकर शर्मा**
**विजयपुर,20अगस्त।** जनपद पंचायत विजयपुर में भ्रष्टाचार के मामले रोकने का नाम नहीं ले रहे हैं । अब एक नया और चोकाने वाला कारनामा सामने आया है। यहां एक ऐसे व्यापारी की फर्म को पंचायत द्वारा भुगतान किया गया है ,जो उस समय जेल में बंद था ।मामला विजयपुर की फर्म कैला देवी ट्रेडर्स से जुड़ा है ,जिसके संचालक मोहन गुप्ता खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन व परिवहन के मामले में उपजेल विजयपुर में निरुद्ध थे । मोहन गुप्ता पर अपराध क्रमांक 0258/2022 दर्ज है और उन्हें विजयपुर पुलिस ने 20 मई 2023 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था । बाद में 16 जून 2023 को उन्हें उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर से दो लाख रुपये की जमानत पर रिहाई मिली ।लेकिन इस दौरान भी उनका कारोबार रुका नहीं। दस्तावेज बताते हैं के 10 जून 2023 को जेल में रहते हुए ही मोहन गुप्ता ने अपनी के बिल क्रमांक 10, 11, 14 ,और 16, के माध्यम से ग्राम पंचायत मेवरा में सीमेंट व पत्थर की आपूर्ति दिखाई। हैरानी की बात यह है कि इन बिलों का लगभग 3 लाख रुपए का भुगतान जनपद पंचायत विजयपुर कार्यालय द्वारा नियम कायदों की अनदेखी कर सीधे मोहन गुप्ता के बैंक खाते में कर दिया गया ।इस पूरे घोटाले का पर्दाफाश तब हुआ जब कुलदीप अग्रवाल ने सूचना के अधिकारी (आरटीआई) के तहत ग्राम पंचायत मेवरा से केला देवी ट्रेडर्स के बिलो की प्रमाणित प्रति मांगी ।आरटीआई से साफ हो गया है कि पंचायत ने जेल में बंद व्यक्ति की फर्म से खरीदी दर्शाकर भुगतान कर दिया ।स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक सुना था कि जेल में रहते हुए लोग चुनाव लड़ सकते हैं ,पर पियारपुर जनपद पंचायत ने तो व्यापारी को जेल से ही व्यापार करने की खुली छूट दे दी । यहां मामला भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों को उजागर करता है और इसने पंचायत की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं । इसकी शिकायत कुलदीप अग्रवाल द्वारा संबंधित विभागों में की गई है। अब देखना यह होगा कि जनपद पंचायत विजयपुर के जिम्मेदार अधिकारी इस प्रकरण में क्या कड़ी कार्रवाई करते हैं या फिर भ्रष्टाचार को इसी तरह बढ़ावा मिलता रहेगा । जनता की निगाहें अब इस पूरे मामले पर टिकी हुई हैं ।

# श्योपुर में सहायिका पद की अनंतिम सूची जारी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 20 अगस्त।** महिला बाल विकास परियोजना श्योपुर ग्रामीण-2 में रिक्त आंगनबाडी सहायिकाओं के पदां के संबंध में अनंतिम सूची जारी की गई है। परियोजना अधिकारी श्योपुर ग्रामीण-2 श्री पवनजीत सिंह अरोरा ने बताया कि एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा की अध्यक्षता में खण्ड स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। चयन समिति द्वारा अनुमोदित अनंतिम सूची जारी की गई है।
अनंतिम सूची के अनुसार बडौदा वार्ड क्रमांक-6ए में आंगनबाडी सहायिका के रूप में भारती कुशवाह, बडौदा वार्ड क्रमांक-5 मिनी में तुलसी राज, बडौदा वार्ड क्रमांक-10 मिनी में निशा प्रजापति, बडौदा वार्ड क्रमांक-11 मिनी में पूजा सुमन, बडौदा वार्ड क्रमांक-15 मिनी, बडौदा वार्ड क्रमांक-15ए एवं वार्ड क्रमांक-15 भम्माजी का सहराना में हेमलता माहौर का चयन किया गया है।
उक्त अनंतिम सूची पर किसी आवेदिका को अपनी आपत्ति दर्ज कराना चाहते है तो एमपी ऑनलाइन चयन पर के माध्यम से सात दिवस में ऑनलाइन आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है, निर्धारित तिथि के पश्चात् आपत्ति स्वीकार नही होगी।

## जमीनी विवाद को लेकर की मारपीट, मामला दर्ज

**श्योपुर।** अगरा थाना क्षेत्र के लारदेह गांव में जमीनी विवाद के चलते झगड़ा हो गया। जिसमें दो लोगों ने मिलकर फरियादी की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लारदेह निवासी दिवान सिंह आदिवासी व केपी कुशवाह के बीच जमीनी विवाद के चलते 19 अगस्त की शाम 6:30 बजे मैन रोड पर झगड़ा हो गया। झगड़े में आरोपी केपी कुशवाह व गजानंद कुशवाह ने मिलकर जाति सूचक गालियां देते हुए फरियादी की मारपीट कर दी।

**बीएमओ कराहल निलंबित:** कलेक्टर अर्पित वर्मा के प्रस्ताव पर आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मप्र शासन भोपाल द्वारा कराहल के मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेश सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की गई है।

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**श्योपुर।** देहात थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को 19 अगस्त को पानड़ी रोड से पकड़ा। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 20 बोतल शराब की जब्त की है, जिसकी कीमत 2000 रुपये है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रघुवीर पुत्र जुगराज गुर्जर निवासी ढोठी बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# छात्राओं को बाढ़ से बचाकर शिक्षकों ने घर पहुंचाया

**नवभारत न्यूज**
**बैतूल,20अगस्त।** विगत दिनों शिक्षकों की सतर्कता और तत्परता के चलते अप्रिय घटना घटित होने से बच गई। जिससे बच्चे व पालकों ने राहत की सांस लेकर स्कूल पहुंचकर शिक्षकों का सम्मान करते हुए बच्चों को घर पहुंचने पर उसकी आंखों से आंसू झलक उठे। मंगलवार शाम ढोंडवाड़ा स्कूल की छात्र-छात्राएं नियत समय पर स्कूल बंद होने पर अपने गांव सावंगा और सेलगांव के लिए निकले। रास्ते में हल्की बारिश हो रही थी इसलिए बच्चे घर रवाना हो गए लेकिन करंजी नाले के ऊपरी हिस्से में अचानक तेज होने के कारण नाले के रपटे पर से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके कारण बच्चे लेट होने के चलते पालकों व ग्रामीणों ने शिक्षकों से तत्काल संपर्क किया। संस्था के वरिष्ठ कैलाश पवार ने नाले पर पहुंचकर चौ पहिया वाहन की व्यवस्था कर दूसरे सुरक्षित रास्ते से बच्चों को सकुशल घर तक पहुंचाया। बच्चों को घर सकुशल देखकर पलकों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शिक्षकों के इस प्रयास की ग्रामीणों ने प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रयास अन्य शिक्षकों के लिए अनुकरणीय पहल है।

# एस हैंडलिंग कार्य को पेटी पर दिए जाने का विरोध तेज

**नवभारत न्यूज**
**सारनी,20अगस्त।** ठेका श्रमिकों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन,सारनी सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट के एस हैंडलिंग प्लांट में कार्य को पेटी पर दिए जाने के निर्णय का ठेका श्रमिकों एवं स्थानीय युवाओं ने कड़ा विरोध किया है। इस संबंध में भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ एवं श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि इस निर्णय से श्रमिकों का शोषण बढ़ेगा तथा स्थानीय युवाओं के रोजगार पर संकट खड़ा हो जाएगा। श्रमिक संगठनों ने आरोप लगाया कि मुख्य अभियंता ने इस कार्य को बालाजी एंटरप्राइजेज को देने हेतु महज 12 से 13 दिनों में जबलपुर मुख्यालय से अप्रूवल मंगवाकर तत्परता दिखाई, जबकि पूर्व में ऐसे कार्यों में अनुमोदन प्राप्त करने में 70 दिनों से अधिक समय लगता था। इस जल्दबाजी ने पूरे मामले को संदेह के घेरे में ला खड़ा किया है। श्रमिक नेताओं ने बताया कि वर्तमान में बालाजी कंपनी पर श्रमिकों के शोषण का मामला श्रम न्यायालय बैतूल में विचाराधीन है, इसके बावजूद उसी कंपनी को पुन: पेटी पर कार्य सौंपने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर भी अब तक लगभग 20 शिकायतें दर्ज कराई गई हैं, परंतु प्रबंधन श्रमिकों की समस्याओं को अनदेखा कर रहा है। भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ के पदाधिकारी राजेंद्र सागर, विनोद भारती, अजय भरपेटे, प्रकाश घाटे, राजेश भारती, चंदन भन्नारे, सुधीर पाल एवं संजय यादव ने बताया कि वर्षों से एस हैंडलिंग प्लांट में कार्यरत ठेका श्रमिकों को बार-बार शोषण का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि श्रमिकों की मांगों की अनदेखी की गई तो आंदोल लिए बाध्य होंगे।

## आधुनिक-उच्चस्तरीय स्वास्थ सेवाओं का मिलेगा लाभ : खंडेलवाल

**बैतूल, 20 अगस्त.** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के विशेष प्रयासों से पीपीपी मोड पर बैतूल में स्वीकृत मेडिकल की स्थापना को लेकर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में बुधवार को उच्चस्तरीय बैठक ली। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने बैतूल जिले में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना कार्यों की वृहद समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक व्यापक एवं सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना इसी दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय का प्रशासन एवं नियंत्रण शासन के पास ही रहेगा, वहीं निजी भागीदारी से स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण, विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता, अत्याधुनिक उपकरणों की स्थापना और चिकित्सा शिक्षा का विस्तार सुनिश्चित होगा। उन्होंने विभागीय अफसरों और आरकेडीएफ ग्रुप के प्रतिनिधियों को बैतूल मेडिकल कालेज का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक में विशेष रूप से मौजूद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना से बैतूल जिलेवासियों को आधुनिक और उच्चस्तरीय स्वास्थ सेवाओं का लाभ मिलेगा।

# कांग्रेसियों ने मनाई राजीव गांधी की जयंती

**भैंसदेही।** भैंसदेही में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती देशमुख कॉम्प्लेक्स में सद्भावना दिवस के रुप में मनाई गई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रानू ठाकुर के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसियों ने राजीव गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। वरिष्ठ कांग्रेसी श्याम नारायण तिवारी ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने सूचना क्रांति की नींव रखकर भारत को एक नए युग की ओर अग्रसर किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रानू ठाकुर ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने अपने कार्यकाल में भारत को एक नई दिशा दी थी। भारत में संचार क्रांति एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राजीव गांधी ने पंचायती राज, सूचना क्रांति एवं 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का अधिकार दिलवाया। उनके इन कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विनयशंकर पाठक, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल छत्रपाल, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंजाब आहाके, वरिष्ठ कांग्रेसी सैय्यद अफरोज भाई, प्रहलाद कोसे, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

**कार्यक्रम** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का नगर के कांग्रेसियों ने किया जगह जगह स्वागत

# प्रदेश में भाजपा के खिलाफ माहौल, सीएम नान इफेक्टिव : पटवारी

**मुलताई। प्रदेश में भाजपा के खिलाफ माहौल है, मुख्यमंत्री नान इफेक्टिव है,उनकी कार्य शैली ठीक नहीं होने से जनता उन्हें बदलना चाहती है।**

यह बात बुधवार को मुलताई पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पत्रकार वार्ता में कही। इसके पहले मुलताई पहुंचे प्रदेश कांग्रेस पटवारी का नगर के कांग्रेसियों ने नगर के बस स्टेण्ड पर उनका फूल मालाओ से स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी सुखदेव पांसे, बैतूल जिलाध्यक्ष निलय डागा भी उपस्थित थे। स्वागत उपरांत पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कांग्रेस का प्रथम चरण का संगठन सृजन अभियान पूर्ण हो चूका है. अब दूसरे चरण के अभियान में पंचायत स्तर पर अध्यक्ष एवं 25 सदस्य बनाए जाएगे,जो मंडल अध्यक्ष को चुनेंगे। जिसमे आठ विभागों का गठन होगा। पत्रकारों ने जब उनसे नगर में कांग्रेस की गुटबाजी के संबंध में पूछा गया तो उन्होने कहा की आगामी समय में नहीं दिखेगी, हम सब एक है परिवार के है, आगामी समय में हम जिले की सभी सीटें जीतेंगे। उन्होने राहुल गांधी द्वारा उठाए गए वोट चोरी के मुद्दे पर कहा की वोट चोरी का मुद्दा पार्टी का नहीं है, चुनाव आयोग बीजेपी का कार्यकर्ता बन गया है, लोक तंत्र की हत्या हो रही है। उन्होने कहा कांग्रेस द्वारा प्रदेश भर में 25 अगस्त से 5 सितम्बर तक कांग्रेस द्वारा सडक पर उतर कर आंदोलन किया जाएगा। भाजपा किसानो को गेंहू का पूरा मूल्य नहीं दे रही है, लाडली बहनो के प्रतिमाह 1800 रुपए नहीं दे रही है, भाजपा ने अपने किए वादे निभाए इस दौरान पूर्व विधायक डॉ पीआर बोडखे, कांग्रेस नेता कमल सोनी, संजय यादव, किशोर सिंह परिहार, शिवकुमार माहौरे, राजरानी परिहार, निर्मला उबनारे, सुमित शिवहरे टीनू मिश्रा, कपिल खंडेलवाल, गोल्डी अग्रवाल सहित कांग्रेसी उपस्थित रहे।

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों से की चर्चा**

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का जगह-जगह हुआ स्वागत**